भ्रमण आख्या–मण्डल (सहारनपुर)
दिनांक–06–10 अगस्त, 2024

**भ्रमण दल के सदस्य –**

- डॉ0 मुनीश पौरूष, उपमहाप्रबंधक–सी0एच0 (मण्डलीय नोडल, अधिकारी सहयोगात्मक पर्यवेक्षण)
- श्री वाहिद रिजवी–इन्टरनल आडिटर–इन्टरनल आडिटर
- श्री चन्द्र प्रकाश गुप्ता–कार्यक्रम समन्वयक, एच0आर0

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के पत्र संख्या SPMU/NHM/M&E/2024-25/04/1873-2 Dated-04-07-2024 के माध्यम से प्राप्त निर्देशों के क्रम में दिनांक–06–10 जुलाई, 2024 के मध्य मण्डल सहारनपुर की चिकित्सा इकाईयों–जिला चिकित्सालय, प्रथम संदर्भन ईकाई, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भ्रमण किया गया एवं जनपद स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के साथ ब्लाक वार वित्तीय समीक्षा की गई।

दिनांक 07.08.2024 को मण्डलीय अपर निदेशक, कार्यालय सहारनपुर में वित्तीय मण्डलीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जनपद– सहारनपुर, शामली, एवं मुजफ्फरनगर के जनपद स्तरीय अधिकारियों, द्वारा प्रतिभाग किया गया। पुनः दिनांक 07.08.2024 को जनपद सहारनपुर, दिनांक 08.08.2024 को जनपद–शामली एवं दिनांक 09.08.2024 को जनपद–मुजफ्फरनगर में जनपद एवं ब्लाक स्तरीय वित्तीय समीक्षा बैठक सम्पन्न की गई। जिसमें मुख्य चिकित्साधिकरी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, ब्लाक चिकित्साधिकारी, बी0पी0एम0 एवं बी0ए0एम0 आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक के दौरान पायी गयी कमियों के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी तथा सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में चर्चा के मुख्य बिन्दु निम्नवत हैं–

1. जिन मदों में कमिटेड बजट के सापेक्ष कम व्यय हुआ हैं उन मदो की समीक्षा करके नियमानुसार व्यय बढाये जाने के निर्देश दिए गए।
2. वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनपद सहारनपुर का कमिटेड धनराशि के सापेक्ष व्यय प्रतिशत कम है जनपद को यह निर्देशित किया गया कि कमिटेड बजट में जिन मदों में वास्तविक देयता के सापेक्ष भुगतान लंबित है उन्हें 03 कार्यदिवस में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
3. कमिटेड धनराशि जिसकी लॉयबिलिटी हो उन्हीं धनराशि को व्यय हेतु कार्ययोजना बनाकर नियमानुसार व्यय करायें एवं शेष धनराशि को सरेण्डर करते हुये राज्य स्तर को पत्र द्वारा सूचित करें।
4. पी.बी.आई./विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत लाभार्थियों के भुगतान, आशा भुगतान, संविदा कर्मचारियों के वेतन आदि की नियमित समीक्षा करते हुये व्यय कराये जाने के निर्देश दिए गए।
5. जिन जनपदों में आवश्यक वस्तुओ एवं सेवाओ हेतु निविदा किया जाना शेष हैं उन्हें निर्देशित किया गया कि नियमनुसार निविदा की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करायें।
6. लेखा प्रबंधक द्वारा प्रत्येक माह मुख्य चिकित्साधिकारी एवं सम्बंधित कार्यक्रम अधिकारियों को वित्तीय समीक्षा हेतु एफ0एम0आर0 कोडवार व्यय की सूचना उपलब्ध करायें ताकि कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा स्वयं के स्तर से भौतिक समीक्षा के साथ–साथ वित्तीय समीक्षा भी की जा सके।
7. जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी ब्लाक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने ब्लाक के कमिटेड एवं इस वित्तीय वर्ष में प्राप्त बजट की समीक्षा कर जिन मदों में व्यय अपेक्षाकृत कम हुआ है उसके सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करायें।
8. ब्लाक लेखा प्रबंधको द्वारा कमिटेड बजट में वास्तविक देनदारी से अधिक बजट कमिट कराया गया था जिसके समबन्ध में निर्देशित किया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष से वास्तविक देनदारी के सापेक्ष ही बजट कमिट कराया जाये।
9. जिस धनराशि का व्यय किया जा चुका है। उसको अविलम्ब एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर व्यय अंकन कराना सुनिश्चित करें।

10. जिला कार्यक्रम प्रबंधक को समस्त संविदा कर्मियों की व्यक्तिगत पत्रावली को जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई कार्यालय में रक्षित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
11. जिला कार्यक्रम प्रबंधक को डैप–गाइडलाइन के अनुसार मातृत्व अवकाश का उपभोग कर रही कत्रियो का ससमय वेतन निर्गत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
12. बैठक के दौरान यह पाया गया कि मण्डलीय टीम द्वारा जनपदों स्तर पर कार्यक्रम एवं बजट की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/निरीक्षण किये जाने की आवश्यकता है। उक्त के क्रम में मण्डलीय टीम को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह में कम से कम से 02 बार जनपद की स्थलीय भ्रमण करते हुये कार्यक्रम एवं बजट की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

मण्डल सहारनपुर की चिकित्सा इकाईयों–जिला चिकित्सालय, प्रथम संदर्भन इकाई, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भ्रमण किया गया, जिसका का विवरण निम्नवत् है :–

1. प्रथम संदर्भन इकाई, खतौली जिसमें लेबर रूम, ओ0टी0, भर्ती वार्ड, एन0बी0एस0यू0, के0एम0सी0, ट्रॉमा सेन्टर, बी0पी0एच0यू0 आदि का भ्रमण किया गया एवं भौतिक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। समस्त दस्तावेज उपलब्ध एवं पूर्ण पाए गए। टीम वर्क के साथ कार्य किया जा रहा था। साथ ही लेबर रूम में छोटी–मोटी कमियाँ जैसे ठडें के निस्तारण, लेबर टेबल आदि की उपलब्धता एवं एक अन्य टेबल उपलब्ध कराए जाने हेतु सुझाव दिया गया।
2. आयुष्मान आरोग्य मंदिर तिंगाई का भ्रमण किया गया जहाँ पर सी0एच0ओ0 साक्षी सिंह, ए0एन0एम0 रितु तोमर एवं समस्त आशा उपस्थित पाई गई जिनके कार्यों की समीक्षा की गई एवं आशाओं की कार्यक्रम सम्बन्धी जानकारी का स्तर जाँचा गया, जिसमें समस्त आशाओं द्वारा संतोषजनक उत्तर दिए गए। ए0एन0एम0 को अपने कार्यक्षेत्र में लक्ष्य एवं प्रगतिवार ध्यानपूर्वक कार्य किए जाने की आवश्यकता है के सम्बन्ध में समझाया गया। भ्रमण के दौरान सपोर्टिव सुपरविजन की ऑनलाईन चैकलिस्ट भी भर कर अपडेट की गई है।
3. प्रथम संदर्भन इकाई, शामली भ्रमण के दौरान चिकित्सा इकाई में स्वास्थ्य सुविधाओं, उपकरण, प्रोटोकाल एवं SoP में बहुत सारी कमियां पायी गयी जिस हेतु डॉ0 साकेत अरोड़ा, सलाहकार–क्वालिटी एश्योरेन्स को इकाई पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया किन्तु वह उपस्थित नहीं हुये साथ ही चिकित्सालय के कर्मियों के द्वारा अवगत कराया गया है कि डॉ0 साकेत अरोड़ा के द्वारा मेनटरिंग नहीं की जाती। डॉ0 साकेत अरोड़ा के कार्यशैली में सुधारात्मक परिवर्तन किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

मंडल की वित्तीय प्रगति की स्थिति निम्व्वत्त हैं –    धनराशि (लाख में )

| Saharanpur Division (Committed Budget as on Dated 10.08.24) | | | | In Lakh |
|---|---|---|---|---|
| District | Total Budget (Committed) | Expenditure | Unspend Budget | Percentage |
| Saharanpur | 1,886.08 | 279.29 | 1,606.79 | 14.81 |
| Shamli | 460.45 | 90.86 | 369.59 | 19.73 |
| Muzaffarnagar | 880.09 | 211.05 | 669.04 | 23.98 |
| **Total** | **3,226.62** | **581.20** | **2,645.42** | **18.01** |
| Saharanpur Division Budget (During this Year Budget as on Dated 10.08.24) | | | | In Lakh |
| District | Total Budget (During this Year Budget) | Expenditure | Unspend Budget | Percentage |
| Saharanpur | 15789.13 | 2,616.40 | 13,172.73 | 16.57 |
| Shamli | 5156.33 | 983.52 | 4,172.81 | 19.07 |
| Muzaffarnagar | 10653.81 | 2,049.32 | 8,604.49 | 19.24 |
| **Total** | **31599.27** | **5,649.23** | **25,950.04** | **17.88** |
| Saharanpur Division | | | | In Lakh |

| District | Total Budget (During this Year Budget) | Expenditure (06.08.24) | Expenditure (10.08.24) | Total Spend Budget (During Visit) |
|---|---|---|---|---|
| Saharanpur | 15789.13 | 2080.27 | 2,616.40 | 536.13 |
| Shamli | 5156.33 | 907.75 | 983.52 | 75.76 |
| Muzaffarnagar | 10653.81 | 1636.43 | 2,049.32 | 412.89 |
| **Total** | **31599.27** | **4624.45** | **5,649.23** | **1,024.78** |

In Lakh

Saharanpur Division

| District | Total Budget (Committed) | Expenditure (06.08.24) | Expenditure (10.08.24) | Total Spend Budget (During Visit) |
|---|---|---|---|---|
| Saharanpur | 1,886.08 | 198.13 | 279.29 | 81.16 |
| Shamli | 460.45 | 61.53 | 90.86 | 29.33 |
| Muzaffarnagar | 880.62 | 109.32 | 211.05 | 101.74 |
| **Total** | **3,227.15** | **368.98** | **628.74** | **212.22** |

In Lakh

| | |
|---|---|
| Total (During this Year + Committed) | **1,237.01** |

श्री चन्द्र प्रकाश गुप्ता
कार्यक्रम समन्वयक
एच0आर0

श्री वाहिद रिजवी
इन्टरनल आडिटर
वित्त अनुभाग

डा0– मुनीश पौरुष
उपमहाप्रबन्धक सी0एच0